तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 29 मई 2024



12 मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें प्रभावी ...





10 ईव्हीएम की गिनती के बाद हर राउंड की पोर्टल में ...






## खबर संक्षेप



### बाइक व हाथ ठेले में टक्कर, दो घायल

**बालोद।** कोरेचा-दुरेचा मार्ग पर सोमवार शाम सड़क हादसे में 2 लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 की टीम ने प्राथमिक उपचार कर हॉस्पिटल पहुँचाया। मिली जानकारी के अनुसार हादसा कोरेचा-दुरेचा मार्ग पर हुआ। बीरेंद्र कुमार उम्र 27 वर्ष बर्फ बेचकर अपने ठेले से वापस घर कोरेचा जा रहा था। इसी दौरान सामने से मोटरसायकिल से आ रहे दीपांशु 22 वर्ष निवासी कोबा ने उनके ठेले को सामने से ठोकर मार दी। इस हादसे में दीपांशु के हाथ की नस कट गई और खून बहने लगा। इसके साथ ही आंतरिक चोट भी उन्हें आई है। वहीं, बीरेंद्र को खरोंच के साथ आंतरिक चोट आई है। सूचना मिलने पर 108 के पायलट ओम प्रकाश साहू और ईएमटी शंकर यदु तुरन्त घटना स्थल पहुँचे और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सीएचसी डौंडी लेकर आए। यहां डॉक्टरों द्वारा दीपांशु को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया।

### सड़क किनारे फंदे पर मिली युवक की लाश

**कुसुमकसा।** नगर से आमापारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर खेत में स्थित एक पेड़ पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ग्राम हाथौद (अछोली) निवासी भुवन भुआर्य के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ट्रक चालक था। उसका ट्रक क्रमांक सीजी 08 एई 9099 शनिवार से घटनास्थल के पास ही जानकी पेट्रोल पंप के सामने खड़ी है। कुछ लोगों ने बताया कि सोमवार शाम को युवक को ट्रक के आसपास देखा गया था। घटनास्थल पर लोगों में इस बात को लेकर चर्चा हो रही थी कि पेड़ की जिस डाली पर फंदे के सहारे युवक की लाश लटकी हुई थी, वह बहुत पतली है। बताया जाता है कि युवक गांव में अपनी मां एवं छोटे भाई के साथ रहता था। उधर, सूचना मिलने पर उसके परिजन और राजहरा पुलिस घटनास्थल पहुंचे। युवक के शव का पंचनामा तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। राजहरा थाने में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

### नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** अपहरण कर नाबलिग को भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 363, 366, 376, पाक्सों के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि हजारी बाग झारखंड निवासी अरमान उर्फ समीर अंसारी ने नाबालिग को का अपहरण कर उसे भगाकर लेकर गया। नाबालिग के साथ अनाचार करता रहा। घर से लापता होने के बाद परिजनों ने शिकायत भिलाई तीन पुलिस थाने में दर्ज कराया। आरोपी अरमान के मोबाइल का लोकेशन ट्रेस उसी आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। नेवई थाना अंतर्गत रिसाली निगम के ठेकेदार का अपहरण कर उसकी पिटाई करने के मामले में भी पुलिस एक अन्य आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।


## मौसम : नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बंद की गई थी शहर की बिजली

# नौतपा के चौथे दिन पारा 44 के करीब, पांच घंटे बंद रही बिजली, दिनभर परेशान रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए शहर में पांच घंटे से भी अधिक समय तक बिजली बंद रही। इस दौरान शहरवासी भीषण गर्मी से परेशान नजर आए।

शहर के कई इलाकों में दोपहर 2 बजे के बाद भी बिजली बंद रही। मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत विभाग ने शहर के कुछ इलाकों में बिजली बंद किया था, लेकिन पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, जवाहर पारा सहित कुछ अन्य इलाकों में दोपहर 2 बजे के बाद भी बिजली बंद रही, जिसकी शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विद्युत विभाग द्वारा समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया। इसके कारण लोग भीषण गर्मी से परेशान रहे।



### सबसे ज्यादा गर्म रहा मंगलवार

इस ग्रीष्मकालीन सीजन में मंगलवार का दिन अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। यानि मंगलवार को रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया। एक ओर शहरवासी 5 से 6 घंटे तक बिजली बंद की समस्या से जूझ रहे थे, तो दूसरी ओर रिकॉर्ड तोड़ भीषण गर्मी और तापमान ने लोगों को पस्त कर दिया। मंगलवार को दोपहर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 44 डिग्री का यह तापमान इस सीजन का अधिकतम तापमान रहा है। इधर मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक विद्युत बाहाल होने की बात सम्बंधित विभाग द्वारा कही गई थी, लेकिन शहर के कई इलाकों में 3:30 बजे के बाद यानि डेढ़ से दो घंटे बाद विद्युत सप्लाई बहाल हुई। इसके कारण भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों को दिन का समय गुजारना पड़ा।

### मौसम विभाग ने जारी किया है यलो अलर्ट

बता दें कि तेज धूप और गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग द्वारा तीन दिन का यलो अलर्ट जारी किया गया है। नौतपा के चौथे दिन मंगलवार को सुबह से ही सूर्यदेव ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर होते तक शहर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया। तेज धूप की वजह से दोपहर में आग उगलती गर्मी महसूस हुई, क्योंकि शहर में बिजली आपूर्ति नहीं हो रही थी। हालांकि तेज हवाएं जरूर चलीं, लेकिन हवा गर्म होने के कारण लोगों को परेशानी हुई।

### शाम को अंधड़ व बादल, बढ़ी उमस

खासकर जिला मुख्यालय में आग उगलने वाली गर्मी महसूस होने लगी है। शाम होते ही चक्रवाती अंधड़ के असर से बादल छा गए। इससे धूप से तो राहत मिली, मगर उमस भरी गर्मी ने अपना कहर बरपाना कम नहीं किया। अभी दिन के साथ रात में भी गर्मी की वजह से बेचैनी का दौर जारी है और तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में रात में गर्मी और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

# पानी की कमी से नहीं बीमारी के कारण हुई नीलगाय की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

23 मई को नीलगाय की मौत के मामले में पोर्स्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में नील गाय की मौत का कारण गेस्ट्रोएनट्रेटीस बताया गया है। मण्डलाधिकारी बालोद ने बताया कि जहां नील गाय की मौत हुई है, उस क्षेत्र के आस-पास पर्याप्त पानी है। उन्होंने कहा कि नीलगाय की मौत का कारण गलत बताने एवं जंगल में फरवरी माह में बने परकोलेशन टैंक की फोटो को तालाब, डबरी का नाम बताकर गलत जानकारी दी जा रही है।।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वन मण्डलाधिकारी ने किया खुलासा

वन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 23 मई को लगभग 5–6 बजे नीलगाय की मौत की खबर मिलने पर वन विभाग अमला द्वारा मौका स्थल पर पहुंच कर पंचनामा बनाया गया। इस दौरान घटना स्थल से पानी का स्त्रोत लगभग 250 मीटर में होना पाया गया। शरीर में किसी प्रकार का चोट नहीं था, दोपहर 2 बजे पशु चिकित्सक डॉ अभिषेक मिश्रा द्वारा मृत नीलगाय का पोर्स्टमार्टम किया गया, जिसकी रिपोर्ट 27 मई को शाम को वन अमला को प्राप्त हुई। पोस्टमार्टम में नीलगाय की मृत्यु का कारण गेस्ट्रोएनट्रेटीस से ग्रसित होना बताया गया है। उन्होंने बताया कि माह फरवरी 2024 में परकोलेशन टैंक का निर्माण बिगड़े वनों के सुधार के लिए किया गया है। परकोलेशन टैंक बनाने का उद्देश्य भूजल संग्रहण पुनर्भरण करना है। इसमें पानी नहीं रूकता सीधे भूमि से नीचे रिस जाता है। वन विभाग द्वारा वन्य प्राणी को पानी की कमी न हो, इसके लिए बालोद परिक्षेत्र एवं गुरूर परिक्षेत्र में बिगड़े वनों के सुधार अंतर्गत माह मार्च में झिरिया निर्माण किया गया था, ताकि गर्मी के दिनों में भी वन्य प्राणियों को पेयजल की सुविधा मिल सके।

### क्या है गेस्ट्रोएनट्रेटीस?

डॉ अभिषेक के हवाले से वन विभाग ने बताया कि गेस्ट्रोएनट्रेटीस एक ऐसी स्थित है, जो गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट पे और आंतों की सूजन है। ये बैक्टिरिया, वाइरस, परजीवी दवाओं एवं नए खाद्य पदार्थों के संरक्षण के कारण हो सकता है। इसके कारण उल्टी दस्त, आंतो मे दर्द एवं अन्य भी दिखते है।

### बार-बार उल्टी-दस्त से शरीर में हुई पानी की कमी

नीलगाय गेस्ट्रोएनट्रेटीस बीमारी से जूझ रही थी, जिसके कारण उसे बार-बार उल्टी एवं दस्त हो रहा था। इससे उसके शरीर में पानी की कमी हुई। पशु चिकित्सक डॉ अभिषेक मिश्रा ने बताया कि ऐसी स्थिति में कई बार जानवर खाना एवं पानी पीना भी छोड़ देता है। चूंकि नीलगाय की मृत्यु जहां हुई है वहां से पानी की दूरी 246 मीटर थी, जहां अन्य वन्य पशुओं द्वारा भी पेयजल के लिए उपयोग किया जाता है। इससे यह स्पष्ट है कि नीलगाय की मृत्यु प्राकृतिक मौत थी।

### दुर्घटना के बाद भी लापरवाही...



**डौंडीलोहारा।** पुलिस व राजस्व विभाग के अफसर दुर्घटना रोकने कैंप लगाकर वाहनों की जांच कर रहे हैं। दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दे रहे हैं। मालवाहक में सवारी बैठने पर वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं, दोपहिया पर बगैर हेलमेट व तीन सवारी सफर करने पर कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि कवर्धा जिले में मालवाहक में सवारी बैठाने से हुई भयंकर दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के निर्देश के बाद यहां भी लगातार वाहनों की जांच की जा रही है।

# प्रतिबंध के बावजूद बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में भू-जल स्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या नजर आने के कारण प्रशासन द्वारा बोर खनन पर कुछ दिनों पहले ही प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन, इसके बावजूद बोरवेल मशीन द्वारा अवैध तरीके से बोर खनन कर प्रशासन के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

- कलेक्टर ने 20 मई से 30 जून तक के लिए बोर खनन पर लगाया है प्रतिबंध

जिले में 20 मई से आगामी 30 जून तक बोर खनन के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके तहत जिले के बालोद, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड को 30 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। लेकिन, प्रतिबंध के बावजूद प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर अवैध बोर खनन किया जा रहा है। जिले के डौण्डी ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्राम बेलोदा में मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे से गाँव के किसान द्वारा अपनी निजी भूमि में बोर खनन कराया जा रहा था। ग्राम पंचायत बेलोदा द्वारा शासन के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए बोर खनन के लिए अनुमति प्रणाम पत्र दिया गया है। उसके बाद किसान द्वारा अपने खेत में बोर खनन कराया गया। बोर गाड़ी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 2316 से बोर खनन किया गया।



### पंचायत ने दी अनुमति

प्रशासन द्वारा जारी नियम के अनुसार नगरपालिका क्षेत्र में बोरखनन आदेश के लिए अपर कलेक्टर को सक्षम अधिकारी और पंचायत क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी से आदेश प्राप्त किया जा सकता है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत से अनुमति प्रणाम पत्र जारी किया गया और उसी को माध्यम बनाकर किसान द्वारा बोर खनन किया गया। वहीं, बोर खनन के लिए सम्बंधित गाड़ी मालिक भी किसानों से फायदा लेने के लिए प्रशासन के नियमों को ताक पर रख बोर खनन कर प्रशासन के नियमों की धज्जिया उड़ा रहे हैं।

### जांच के आदेश

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि 30 जून तक बोर खनन पर प्रतिबंध है। मीडिया से सूचना मिलने के बाद जाँच के लिए निर्देशित किया हूँ। वहीं, अनुमति देने वाली संबंधित पंचायत को भी नोटिस जारी किया जाएगा।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# धोबी समाज का महाधिवेशन 9 जून को



**अंडा।** धोबी समाज का महाधिवेशन 9 जून को ईडन गार्डन बोईर दादर रायगढ़ में प्रस्तावित है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके रायपुर स्थित निवास में भेंटकर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। राजधानी के प्रादेशिक प्रवक्ता गंगा-अमन निर्मलकर ने बताया मुख्यमंत्री ने श्री साय ने कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है। इसी तरह समाज ने रायगढ़ के विधायक व वित्तमंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के निज सचिव तुलसी कौशिक एवं समस्त जिला अध्यक्ष व परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विवाह योग्य बेटा-बेटी अपना परिचय दे सकेंगे, साथ ही पदम रामलाल बरेठ का अभिनंदन किया जाएगा।




# रंगोली, पेंटिंग के जरिए बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत दुर्ग सीईओं अश्वनी देंवागन के मुख्य आतिथ्य में जल शक्ति मिशन चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत अंजोरा में किया गया।

जिला पंचायत सीईओ श्री देवांगन कहा कि धरती पर बारिश की हर बूंद लोगों के लिये भगवान के आर्शीवाद के समान है। बारिश का पानी जमीन पर मोती के समान गिरता है, इसलिये विकासशील क्षेत्रों और प्राकृतिक जल संसाधनों की कमी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर से बारिश के पानी के महत्व को समझाया गया। पानी को बचाने एवं उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने में ग्रामीणों की जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्विनी देवांगन ने बताया कि, 60 ग्राम पंचायतो में जल सुरक्षा चौपाल का आयोजन होगा। विकासखण्ड धमधा अंतर्गत खेरधा, मुड़पार, बरहापुर, देवरी, धौराभाठा, तरकोरी, बिरेभाठ (हिरेतरा), अकोला, नंदिनीखुंदिनी, पिटौरा, मोहलाई, ठेंगाभाट, नवागांव (स), साल्हेखुर्द, पुरदा, घोंठा, ढौर हि., लंहगा, पोटिया (में), बिरेझर ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी प्रकार विकाखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम पुरई, रिसामा, धनोरा, बोरई, घुघसीडीह, अण्डा, बासीन, अंजोरा ख, थनौद, चंदखुरी, कोलिहापुरी, नगपुरा, मचांदुर, जेवरा, करंजाभिलाई, मोहलाई, झोला, समोदा, इत्यादि ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## ग्राम पंचायत अंजोरा में जल शक्ति मिशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### जल संग्रहण का दिया गया संदेश

कार्यक्रम में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए ग्राम पंचायत के स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगोली व पेंटिंग बनाई। बच्चों की कलाकृतियों से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने बूंद-बूंद पानी को सहेजने में जल को बचाने की अपनी जिम्मेदारी को भी माना। वर्षा जल का संग्रहण सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए जरूरी है। बारिश के पानी को इकट्ठा करना बहुत ही असरदार और पारंपरिक तकनीक है। इससे छोटे तालाबों, भूमिगत जल आदि के इस्तेमाल से जल संरक्षण किया जा सकता है। ग्रामीणों को कार्यक्रम के द्वारा भूमिगत पुनर्भरण तकनीक से जल संग्रहण का भी संदेश दिया गया।



### 27 से 15 जून तक जल सुरक्षा कार्यक्रम

आगामी 27 मई से 15 जून 2024 तक जल सुरक्षा कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जल सुरक्षा चौपाल व शपथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जल सुरक्षा सूत्र में विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो रहा है। जिसके अंतर्गत समस्त शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टींग सिस्टम की मरम्मत साफ सफाई एवं नवीन निर्माण, ग्राम पंचायतों में जल वाहिनी दीदीयों की सभा का आयोजन, ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों में डिसिल्टिंग कार्य, इत्यादि कार्य शामिल है।

## खबर संक्षेप



### जिलास्तरीय मुक्केबाजी स्पर्धा का समापन

दुर्ग। जिला मुक्केबाजी संघ द्वारा वहुउद्देशीय उच्चतर मा शाला में आयोजित जिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव थे। प्रतियोगिता में 100 बालकों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिला चार वर्गों में हुई। सब जूनियर, जूनियर, युथ ग्रुप, इलाइट ग्रुप। प्रतियोगिता में अधिकतम उम्र 40 वर्ष है। विधायक द्वारा विजेता बच्चों को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता आयोजन में यशवंत अध्यक्ष, रंगनाथन महासचिव, तेजेन्द्र हिरवानी, इन्द्रजीत, विसेलाल तथा वाल कृष्णन राव का योगदान रहा। विजेताओं में सब जूनियर गोल्ड आदित्य चौहान, सब जूनियर सिल्वर ईतीन्द्र बेहार, आलोक शाह, जूनियर गोल्ड वाई उमेश कुमार, इलाइट सिल्वर चितू कुमार साहू शामिल हैं।

### किया रक्तदान



दुर्ग। सुरेंद्र सिंह चंदेल और भावेश जैन द्वारा बी नेगेटिव रक्तदान कर मरीज के जीवन रक्षक बने। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज को 2 यूनिट बी निगेटिव रक्त की आवश्यता पड़ने पर सुरेंद्र चंदेल व भावेश जैन से संपर्क किया गया। जिस पर वे ब्लड देने सहर्ष तैयार हो गए। इस कार्य में डॉ नेहा नलवाया बाफना, तरूणा रावत, महेंद्र चंद्राकर, रोशन सिंह, तरन्नुम, टीएस एंथोनी, दिनेश, दिलीप गजभिये, रूपेश सप्रे, कौशल साहू रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कारिणी सदस्य और जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन की भूमिका रही।

## तैयारी : टेबलवार ईवीएम के मतों की होगी प्रविष्टि, राउण्डवार परिणामों की होगी घोषणा

# ईव्हीएम की गिनती के बाद हर राउंड की पोर्टल में अपडेट होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ईव्हीएम की गणना के बाद हर राउंड की जानकारी पब्लिक से सार्वजनिक की जाएगी। आयोग द्वारा मगगणना के परिणामों को आसानी से उपलब्ध कराने एनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन लांच की है। इस एप्लीकेशन के जरिए घर बैठे लोग मतगणना का लेटेस्ट डाटा प्राप्त कर सकेगें। आगामी चार जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा तैयारियां अंतिम चरण पर की जा रही है।

मतगणना कार्य के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, स्टेशनरी सहित अन्य सामग्री की उपलब्धता के संबंध तैयारी रखने कहा गया है। एनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन के लिए टेबलवार इवीएम के मतों की एण्ट्री की जाएगी। राऊण्डवार पब्लिक पोर्टल में परिणामों को अपडेट किया जाएगा तथा टेबलवार डाटा की एण्ट्री की जाएगी। मतगणना के पहले टेबलवार ईव्हीएम मतों की प्रविष्टि, राऊण्डवार परिणामों की घोषणा, पोस्टल बैलेट मतों की प्रविष्टि तथा परिणामों की घोषणा के बारे में अफसरों को जानकरी दी जा रही है। उल्लेखनीय हैं कि, आगामी चार जून को होने वाले मतगणना में भिलाई सीट की स्थिति पहले स्पष्ट हो जाएगी, वही अहिवारा सीट की गिनती आखिरी तक चलती रहेगी। क्योंकि दुर्ग जिले के छः विधानसभा सीट में भिलाई की बूथ संख्या कम और अहिवारा में सबसे अधिक है। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विगत सात मई को हुए लोकसभा चुनाव के मतगणना की तैयारियां तेजी से की जा रही है। जानकारी अनुसार चार जून को सुबह आठ बजे मतों की गणना शुरू हो जाएगी।

**बीआईटी में कलेक्टर ने बताई मतगणना की प्रक्रिया**



### चौदह टेबल से राउंडवार होगी गिनती

अफसरों ने बताया कि, नौ सीट के लिए चौदह टेबल लगाए जाएंगे। चौदह टेबल यानि चौदह ईव्हीएम मशीन की गिनती के बाद टेबल में दूसरी राउंड के लिए चौदह मशीन रखी जाएगी। इस हिसाब से सबसे कम बूथ भिलाई नगर में 167 है, वही अहिवारा में सबसे ज्यादा 259 है। वही बेमेतरा 267 साजा 302 और नवागढ 298 बूथ है। इन तीनों सीट की गिनती वही मुख्यालय में होगी। इन सीटों के लिए मिले डाकमत पत्रों की गिनती भिलाई शंकराचार्य स्ट्रांग रूप में होगी।

### पोस्टल बैलेट के लिए लगेंगे दस टेबल

जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि, पोस्टल बैलेट की गणना पहले की जाएगी। संभवतः इसमें तीन घंटे का समय लगता है। उन्होने बताया कि, पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही ईव्हीएम से गिनती शुरू की जाएगी। मतगणन स्थल पर सुबह आठ बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। इसकी गितनी के बाद जितना भी समय लगेगा, उसके आधार पर ईव्हीएम की गिनती शुरू की जाएगी।

### समन्वय के साथ मतगणना दायित्व का करें निर्वहन-कलेक्टर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को आज बीआईटी दुर्ग में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतगणना की प्रत्येक बारीकियों को सीखने-समझने कहा। मतगणना से सम्बंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। मतगणना प्रारंभ होने से लेकर संपूर्ण रूप से समाप्ति तक मतगणना कक्ष में गंभीरता और सावधानी बरतनी है।

### दी गई विस्तार से जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## दो साल गुजरने के बाद भी अधूरा नगपुरा-कोटनी पुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पीब्डल्यूडी विभाग और सेतू निगम के निगरानी में बन रहे नगपुरा कोटनी पुल का निर्माण दो साल बाद भी अधूरा है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा वर्ष 2022 में योजना की नींव रखी गई थी। लेकिन दो साल बाद भी यह पुलिस बनकर तैयार नही हुआ है। ऐसे में लोगों को इस बारिश से गांव को पार करने पुल का सहारा नही मिल पाएगा। ऐसे में इस बार फिर एनीकट भरने से गांव की आबादी दो भागों में बंट जाएगी।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर को पुल निर्माण कराने सौंपा ज्ञापन

उल्लेखनीय हैं कि, करीब उन्नीस करोड रूपए लागत से बहुप्रतीक्षित पुल का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन विधानसभा और लोकसभा में आचार संहिता का हवाला देकर अफसरों ने काम में तेजी नही लाई है। विगत दिनों ग्रामीणों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन देकर कार्य को तेजी से कराए जाने की मांग की थी। कोटनी नगपुरा पर पुल के निर्माण से लगभग 50 गांव आपस में जुड़ जाएंगे, नदी का पानी अब उनके लिए बाधा नहीं बनेगी। नगपुरा के पूर्व सरपंच बलराम कौशिक ने बताया कि, नगपुरा कोटनी एनीकट हर साल बारिश के दिनों भर जाता है। ऐसे में बडी आबादी आवाजाही से कट जाते है। पूर्व मंत्री द्वारा पुल निर्माण के लिए वर्ष 2022 में शिलान्यास किया गया था।

### नहीं हो रही मानिटरिंग

ग्रामीणों ने बताया कि, करोडों रूपए के पुल निर्माण की मानिटरिंग तक नही हो रही है। मौके पर ठेकेदार द्वारा कितने की लागत और कब तक बन जाएगा संबंधित बोर्ड तक नही लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि, इस बडे पुल के बन जाने से बारिश के दिनों मे भी वे नदी पार कर सकेगें।

## जिला स्तरीय समर कैम्प का शुभारंभ विभिन्न स्कूलों के 140 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में जिला स्तरीय समर कैम्प का शुभारंभ विश्वद्वीप पब्लिक स्कूल में हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी स्कूलों के 140 बच्चों ने समर कैम्प में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिये। बच्चों के साथ उनके पालक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से गायन, वादन, नृत्य, रंगोली, मेहंदी तथा शतरंज और कैरम के खेल एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में सीईओ अश्वनी देवांगन ने कहा कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना एवं उन्हें सही दिशा देना है। उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय ने समर कैम्प के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समस्त विधाएं जिन पर बच्चों के साथ गतिविधियों होनी है उसके बारे में बताया। स्कूली छात्रा कविता पुराणिक द्वारा स्वागत नृत्य तथा डॉ सरिता साहू द्वारा छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जे मनोहरण एडीपीओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विवेक शर्मा, आईके रामटेके, श्रीमती रश्मि नाथ, श्रीमती सीता अग्रवाल सहित सभी विधाओं के विशेषज्ञ उपस्थित रहें। समर कैम्प में पीएमयू कलेक्टोरेट से आयाज सिद्दीकी एवं सुश्री यामिनी भी उपस्थित रही। प्रथम दिवस के कैम्प को सफल बनाने में संकुल समन्वयकों तथा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

■ उद्देश्य है बच्चों में छिपी प्रतिभा उभारना व दिशा देना



## व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 04 जून 2024 को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में मतगणना कार्य किया जाना है।

■ संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एसपी को

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार मतगणना स्थल के संपूर्ण व्यवस्था के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग तथा लोकेश चन्द्राकर आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग संयुक्त रूप से नियुक्त किए गए है। इसके अलावा मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, सहयोगी अधिकारी-कर्मचारी की नियुक्ति की गई है।

उक्त आदेश के अतिरिक्त संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना हेतु पास जारी किये जाने तथा मतगणना उपरांत सिलिंग कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है। जिसके अंतर्गत मतगणना स्थल में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, मतगणना हेतु समस्त प्रकार के पास जारी किये जाने हेतु श्रीमती योगिता देवांगन अपर कलेक्टर दुर्ग एवं मतगणना उपरांत सिलिंग कार्य हेतु श्रीमती मोनिका वर्मा आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली एवं डीएस वर्मा उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग दुर्ग को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## संचालक को सड़क पर पानी बहाना पड़ा महंगा, निगम ने किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुमीत बाजार परिसर पोलसायपारा संचालक द्वारा लगातार सड़क पर पानी बहाने से परेशान लोगों ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से शिकायत की। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाही के निर्देश दिए। नगर निगम अधिकारियों द्वारा शिकायत को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार परिसर का निरीक्षण किया गया। संचालित सुमीत बाजार परिसर के कूलरों का पानी की निकासी को आवागमन सड़क क्षेत्र में प्रवाहित किया जा रहा है। जिससे सड़क में पानी का जमाव हो रहा है एवं आवाजाही बाधित हो रही है। निगम द्वारा नोटिस के माध्यम से सुमित बाजार के संचालक को कूलरों के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किये जाने के लिए अवगत कराया गया था परंतु नोटिस का असर नही हुआ। नोटिस को अनदेखा कर दिया गया। निगम अधिकारियों ने आज निरीक्षण कर 2 हज़ार रुपये का जुर्माने की कार्यवाही गई है। निगम द्वारा 24 घंटे के भीतर उक्त कूलरों के पानी की निकासी को सड़क से हटाकर अन्यत्र समुचित व्यवस्था कर नगर पालिक निगम कार्यालय को सूचित करने कहा गया, ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी ना हों। कार्रवाही के मौके पर सहायक अभियंता गिरीश दीवान, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक भवन अधिकारी विनोद मांझी, सफाई दरोगा सुरेश भारती के अलावा टीम अमला मौजूद रहें।

■ भरना पड़ा नगर निगम को 2 हज़ार का जुर्माना



## बढ़ते तापमान का स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव, अलर्ट जारी

# एडवाइजरी : लू के लक्षण एवं बचाव के बताए उपाय

दुर्ग। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित जिले में भी औसत तापमान अधिक होने की संभावना है। अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। इसमें लू के लक्षण एवं बचाव के कारण बताये गये हैं।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपान और दर्द होनास तेज बुखार के साथ मुंह का सूखनास चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें।

### प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें। शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन एएनएम से ओआरएस के पैकेट हेतु संपर्क करें।

### क्या न करें

गर्मी के दौरान बाहर न जाए। यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचे। दोपहर के दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने वाले क्षेत्रों रसोई घरों में दरवाजे और खिड़कियां खोल कर रखें। जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय पीने से बचे । उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खाने से बचे, बासी खाना न खाए। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं, घर पर रहे।

**हीट वेव क्या करें और क्या न करें :** जितना हो सके पर्याप्त पानी पीयें। भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो, तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। ओआरएस ओरल रिहाइड्रेशनद्ध घोल, घर का बना पेय लस्सी, तोरानी चावल का पानी, नींबू का पानी, छांछ आदि का उपयोग करें।

### अन्य सावधानियां

जितना हो सके घर के अंदर रहें। अपने घर को ठंडा रखें। धूप से बचाव के लिए दिन में पर्दे, शटर का उपयोग करें और खिड़कियां खोलें। निचली मंजिलों पर बने रहने का प्रयास करे। पंखों का उपयोग करें। कपड़ों को नम करें और अधिक गर्मी में ठंडे पानी में ही स्नान करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं, उच्च बुखार, लगातार सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या भटकाव, लगातार खांसी, सांस की तकलीफ है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। जानवरों को छाया में रखे और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें। इन उपायों का उपयोग कर लू एवं हीटवेव के प्रभाव से बचा जा सकता है।

## संभागस्तरीय योग ओलंपियाड का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संभाग स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन सनसाइन हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग के सभागार में हुआ। जिसमें दुर्ग संभाग के 7 जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुण्डरा से कु टोमांशिक पटेल, कु भाविका देवांगन और कु नंदनी विश्वकर्मा ने दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें अंडर 14 आयु वर्ग में कु टोमांशिक पटेल और भाविका देवांगन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता 2024 में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा विकासखण्ड पाटन के योग प्रभारी व छत्तीसगढ़ योग एसोसिएशन के राज्यकार्यकारिणी सदस्य शिक्षक खिलेंद्र साहू ने बताया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलीगुण्डरा के योग प्रशिक्षक महेन्द्र कुमार साहू द्वारा निःशुल्क नियमित योग का प्रशिक्षण दिया जाता है। संभाग स्तरीय योगा प्रशिक्षण में बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संयुक्त संचालक कल्पना स्वामी, अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग प्रदीप महिलांगे, बीईओ पाटन गोविन्द साव, बीईओ दुर्ग गोस्वामी विष्णु, जयंत भारती, अध्यक्ष छतीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स फेडरेशन जैनेन्द्र गंजीर, संकुल समन्वयक शकीला देवदास ने बधाई दी है।

■ टोमांशिक व भाविका ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में जगह बनाई



## खबर संक्षेप



### उप-मुख्यमंत्री शर्मा ने आईजी सुंदरराज के पिता को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा रविवार को बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के पिता के दुःखद निधन पर उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से आत्मीय भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। सुंदरराज पी. के पिता का पिछले दिनों उनके गृहग्राम सरवनमपट्टी (कोएम्बतूर, तमिलनाडु) में निधन हो गया। आईपीएस सुंदरराज पी. पर बस्तर आईजी के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### दो आईएएस ने चुनी ओल्ड पेंशन

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी एलेक्स व्हीएफ पॉल मेनन और भुवनेश यादव 2004 बैच ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का चयन किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने राजपत्र में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली के परिपत्र 2023 द्वारा अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी जिन्हें पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से पहले भर्ती के लिए विज्ञापत, अधिसूचित, रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया गया है और जो 1 जनवरी 2024 या उसके बाद सेवा में शामिल होने पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में शामिल किए गए हैं, उन्हें अखिल भारतीय सेवाएं नियम 1958 के तहत पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के प्रावधानों के तहत शामिल करने के लिए एक बार विकल्प देने का लेख किया गया है।

### छह साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** छह साल से फरार चल रहे मारपीट और प्राणघातक के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।मोहन नगर प्रभारी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि ओम नगर उरला दुर्ग निवासी दिनेश चौरे पर वर्ष 2018 में मारपीट व प्राणघातक हमले मामले में न्यायालय दुर्ग के पेशी में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके लिए न्यायालय ने स्थायी वारंट जारी किया।

### फैक्ट्रियों के वेस्ट मटेरियल में लगी आग

**भिलाई।** फैक्ट्रियों के वेस्ट मटेरियल में आग लगने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुची और दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना भिलाई तीन के ग्राम उमदा की है। मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीमे रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने फैक्ट्रीयों का वेस्ट मटेरीयल में लगी आग को सावधानी से चार दमकल की मदद से काबू पाया।

## निधन

### शिवबती ठाकुर



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) निवासी शिवबती ठाकुर 75 वर्ष का 27 मई को निधन हो गया। उनका संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे टीकम सिंह, भूपेंद्र कुमार एवं मंजु ठाकुर की माता थीं।

# पेड़ों पर लगे विज्ञापन-साइन बोर्ड, बिजली के तार हटाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में पेड़ों पर लगे सभी विज्ञापन-साइन बोर्ड, किसी भी प्रकार के बोर्ड या साइनेज, बिजली के वायर और हाईटेंशन लाइन को हटाएं।

यह आदेश दरअसल इसलिए दिया गया है कि जल्द ही मानसून आने वाला है। बारिश के साथ ही कई क्षेत्रों में बाढ़ आने की आशंका भी है। इसे देखते हुए आवश्यक व्यवस्था बनाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में कुछ दिनों पहले नदियों के पुर्नुद्धार वाली कमेटी की बैठक में भी इस संबंध में निर्देश दिए गए थे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भारी बारिश एवं बाढ़ से उत्पन्न होने वाली स्थिति के मद्देनजर कहा है कि नाले और नालियों की पूरी और नियमित सफाई कर अंतिम छोर तक की जाए। किसी भी प्रकार से नदी, जल निकाय प्रदूषित न हों। निर्माणाधीन नाले नालियों में पानी बहाव के रास्ते में से निर्माण सामाग्री को हटाएं ताकि पानी बहता रहे।

- सभी नगर निगम, पालिका, नगर पंचायत को करना है ये काम
- बारिश, बाढ़ की आपदा से लोगों को बचाने की पहल



### बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे चालू रहे

नगरीय निकायों से कहा गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करें और उनके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहना चाहिए। निचली बस्तियों में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान करें। इसके साथ ही संभावित प्रभावित का अनुमान कर अस्थाई रूप से प्रभावित के लिए सुरक्षित स्थान की पहचान कर लें। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था हो। बाढ़ के दौरान और बाढ़ के प्रभाव के समाप्त होने के बाद संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी रहती है। ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें। सभी लोक प्राधिकारियों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि पेड़ों के चारो तरफ की गई कांक्रीट को एक मीटर वृत्त में हटाया जाए और भविष्य में एहतियात बरती जाए कि कंक्रीट या निर्माण या सुधार कार्य पेड़ों के एक मीटर के वृत्त में नहीं किया जाए।

**माना से साढ़े पांच लाख का मुनाफा**

# सरेंडर हुए 5 अहातों की घटाई सरकारी बोली, इसलिए 45 लाख के घाटे में गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर हुए 5 अहातों के दोबारा निकाले गए टेंडर में आबकारी विभाग को 45 लाख 34 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इसका कारण दोबारा टेंडर प्रक्रिया के दौरान इन सभी अहातों की पूर्व सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला गया है, ताकि सभी अहाते ठेके पर चले जाएं, क्योंकि इससे पहले निकाले गए टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। यही कारण है कि विभाग ने माना के साथ सरेंडर हुए 5 अहातों की भी सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला, जिसके परिणाम स्वरूप सभी अहाते भी ठेके पर उठ गए।

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत रायपुर जिले में 56 अहातों का टेंडर निकाला गया था। इनमें से एक को छोड़कर 55 अहातों के लिए बोली लगाई गई थी। टेंडर के नियम के अनुसार सबसे ऊंची बोली वालों को ठेका दिया गया था, लेकिन ठेका मिलने के बाद 5 लोगों ने अहाता चलाने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण इन अहातों के अलावा देशी अहाता माना जिसके लिए एक भी आवेदन नहीं आया था, के लिए दोबारा टेंडर निकाला गया।



पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था

सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

### डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक घटाकर निकाला गया टेंडर

देशी माना सहित सरेंडर सभी 6 अहातों के लिए विभाग ने डेढ़ से ढाई लाख रुपये तक बोली की कीमत कम करके टेंडर निकाला है। टेंडर की सरकारी बोली घटाने के कारण बोली लगाने वालों ने भी पूर्व बोली की तुलना में कम बोली लगाई थी। इसके कारण सरेंडर हुए सभी अहातों के लिए ऑनलाइन बोली में लोगों ने राशि भी कम डाली है। यही कारण है कि पिछली बार की तुलना में सरेंडर हुए सभी अहाता कम ठेके पर गए हैं।

### 6 अहाता के लिए 14 आवेदन

अहातों का टेंडर के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। दूसरे चरण में 6 अहातों के लिए 14 लोगों ने ही आवेदन किया था। इनमें सबसे ऊंची बोली लगाने वालों को ठेका दिया गया है।

### इस रेट पर गए अहाते

| अहाता | पुराना ठेका | नया ठेका | इतने घाटे में गया |
|---|---|---|---|
| देशी उरला अभनपुर | 4511000 | 3601000 | 910000 |
| देशी कम्पोजिट संतोषीनगर | 2811000 | 2221000 | 590000 |
| विदेशी सड्डू गोलबाजार | 2835000 | 2551900 | 284900 |
| विदेशी कटोरा तालाब | 4511000 | 3175000 | 1336000 |
| विदेशी फाफाडीह | 3065000 | 1651900 | 1413100 |
| | | | फायदे में गया |
| देशी माना | 1436000 | 1986000 | 550000 |

### 17 करोड़ से अधिक का राजस्व मिलेगा

जिले में अब सभी 56 अहातों का टेंडर हो चुका हैं। इन अहातों के ठेके पर जाने से विभाग को लगभग 17 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। अहातों का ठेका 11 माह के लिए 1 मई से 31 दिसंबर तक दिया गया है।

### सरकारी बोली घटाकर टेंडर निकाला

56 में से एक अहाता के लिए आवेदन नहीं आया था, वहीं 5 लोगों ने सरेंडर कर दिया था। शेष 6 अहाते भी ठेके पर चले जाएं, इसे प्राथमिकता देते हुए टेंडर सरकारी बोली घटाकर निकाला गया।

**- विकास गोस्वामी**
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

# मतगणना में हर टेबल पर एक एजेंट नियुक्त कर सकेंगे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना को लेकर कांग्रेस ने हर विधानसभा वार लगने वाले टेबल के अनुसार एजेंटों की नियुक्ति के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को नाम दिए हैं। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए नामों का वेरीफिकेशन कर मतगणना स्थल के लिए पास जारी किया जाएगा। सभी एजेंटों को मतगणना शुरू होने के आधे घंटे पूर्व वहां पर रिपोर्टिंग करनी होगी।

कांग्रेस ने सभी लोकसभा के आधार पर हर विधानसभा क्षेत्र के अपने कार्यकर्ताओं को मतगणना में लगाने का निर्णय लिया है। लोकसभा प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों और पिछले चुनावों में एजेंट के रूप में काम कर चुके लोगों को ही इस काम में लगाया है। लोकसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना चार जून को होनी है। जिला प्रशासन और निर्वाचन कार्यालय तैयारियों में जुट गया है। तय किया गया है एक मतगणना टेबल पर प्रत्याशी का एक ही एजेंट रहेगा। विधानसभावार मतगणना कराई जाएगी। उसी अनुसार टेबल लगेंगी। एक विधानसभा क्षेत्र में 16 टेबल लगेंगी। इनमें एक आरओ की होगी, इस प्रकार एक प्रत्याशी को मतगणना के लिए लगभग 144 एजेंट चाहिए होंगे। कड़ी सुरक्षा में मतों की गणना होगी। दोपहर 12 बजे तक स्पष्ट रुझान भी आ जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से पैरा मिलिट्री फोर्स और स्थानीय पुलिस को मतगणना कक्षों में लगाया जाएगा।

### दो जिलों में होगी रायपुर लोकसभा की गिनती

रायपुर लोकसभा में कुल 9 विधानसभा हैं, यहां पर हर विधानसभा में 16 टेबल मतों की गिनती के लिए लगेंगे। उसके आधार पर हर टेबल पर एक एजेंट को नियुक्त किया जाएगा। रायपुर के 7 विधानसभा क्षेत्रों की गिनती इंजीयनिरिंग कॉलेज रायपुर में होगी। दो विधानसभा क्षेत्र की गिनती बलौदाबाजार कृषि उपज मंडी में की जाएगी।

### 4 जिलों की बस्तर में गिनती

बस्तर लोकसभा में 8 विधानसभा हैं। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और कोंडागांव विधानसभा की गिनती उन्हीं जिलों के स्ट्रांग रूम में कराई जाएगी। वहीं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा की गिनती जगदलपुर में होगी। गिनती पूरी होने के बाद परिणाम की घोषणा जगदलपुर में की जाएगी।

### 2 जिलों में होगी बिलासपुर की गितनी

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें कोटा, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तुरी विधानसभा की गिनती बिलासपुर जिले में होगी। वहीं लोरमी और मुंगेली विधानसभा की गिनती मुंगेली जिले में होगी। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर मतगणना दो जिलों में होगी।

## पीएमश्री सकूल जगतरा में बच्चों ने सीखे इंडोर गेम्स...



**बालोद।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला जगतरा में समर कैंप के पहले दिन प्रशिक्षक अनुपमा चौबे ने बच्चों को इंडोर गेम सिखाया। इसमें बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी इंडोर गेम में सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वल्पाहार पोहा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। समर कैंप के दौरान प्रधानपाठक खेमलता ठाकुर, शिक्षिका संगीतातिवारी, अन्नपूर्णा मंडावी, पदमनी साहू उपस्थित थे।

## करबला तालाब पर कब्जा विरोध में उतरे भाजपा पार्षद

**रायपुर।** राजधानी के स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित ऐतिहासिक करबला तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटने को लेकर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने स्थल पर प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद दल का कहना है कि करबला तालाब यानी आत्मानंद सरोवर में अवैध निर्माण किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब की जमीन पाटी जा रही है। भाजपा पार्षद दल के विरोध के बाद नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रास्ते पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल रखकर रास्ता जाम करने वालों का सामान जब्त किया।

# बैज ने डिप्टी सीएम शर्मा को लिखा पत्र, पूछा- नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने से क्यों घबरा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीडिया और कांकेर नक्सली मुठभेड़ की जांच कराने की मांग को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने पूछा कि दोनों नक्सली मुठभेड़ों की जांच कराने से सरकार क्यों घबरा रही है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि कल आपने पत्रकार वार्ता लेकर पीडिया मुठभेड़ मामले में कांग्रेस जांच दल के उठाए गए तथ्यों पर आपत्ति व्यक्त की थी। उन्होंने लिखा है कि पीडिया मुठभेड़ हो या कांकेर की कोयलीबेड़ा मुठभेड़, कांग्रेस पार्टी ने अपनी ओर से सवाल नहीं खड़ा किया, सवाल वहां के ग्रामीणों ने खड़ा किया है।

कांग्रेस ने ग्रामीणों की मांग के बाद जांच कमेटी बनाई और जांच कमेटी में सभी आदिवासी नेता शामिल थे। जांच कमेटी ने ग्रामीणों से बात करने के बाद जो तथ्य पाया वह दुखद है। ग्रामीण और साक्ष्य बता रहे कि मुठभेड़ में मारे गए कुछ लोग निर्दोष थे, तो सरकार को इस मामले की जांच कराने से क्या परहेज है? हाईकोर्ट के वर्तमान जज की देखरेख में जांच करा ली जाए,



ताकि स्थितियां साफ हो सकें। उन्होंने कहा, कांकेर में हुई मुठभेड़ में मारे गए लोगों के भी नक्सली होने पर सवाल खड़ा हुआ था, तब भी जांच की मांग हुई थी, सरकार ने जांच क्यों नहीं करवाई थी?

### आदिवासियों की जान की शर्त पर शांति मंजूर नहीं

उन्होंने पत्र में लिखा कि उप मुख्यमंत्रीजी बस्तर में शांति के लिए जितने चिंतित आप हैं, उतनी ही चिंतित कांग्रेस पार्टी भी है। कांग्रेस बस्तर में शांति बहाली के सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है, लेकिन यह प्रयास बस्तर के मासूम आदिवासियों की जिंदगी की शर्त पर होंगी, तो यह हमें मंजूर नहीं। उन्होंने कहा, नक्सलियों से सुझाव मांगने वाली सरकार को विपक्ष की बात भी सुननी चाहिए। उन्होंने अपने पत्र में रमन सरकार में घटित फर्जी मुठभेड़ों का भी जिक्र किया।

### सुझाव मांगने पर भी नकारात्मक राजनीति कर रही कांग्रेस- श्रीवास्तव

इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा लिखे गए पत्र को कोरी राजनीतिक जुमलेबाजी करार दिया है। उन्होंने कहा, शांति और भरोसे की बात कम-से-कम कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष न ही करें, तो बेहतर है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सल उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़कर लगातार विकास के माध्यम से विश्वास बहाली में जुटी है। भाजपा की सरकार ने नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाकों तक विकास के कार्य किए हैं और नक्सलियों का हौसला तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा, बेहतर होता यदि प्रदेश हित में नक्सलवाद को खत्म करने, नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए बैज कोई सार्थक व सुपरिणामकारी सुझाव देते। उनके उन सुझावों पर निश्चित ही प्रदेश सरकार अमल करती, लेकिन दुर्भाग्य है कि कांग्रेस नक्सलियों के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है। कुल मिलाकर एक सुझाव मांगने के नाम पर भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनीति कर रही है, फरेब कर रही है।

## प्रत्याशियों के एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए समय पर पहुंचना होगा, आवेदन एक जून तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने सोमवार को 4 जून को सेजबहार में होने वाली मतगणना को लेकर प्रत्याशियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को अपने या पार्टी की ओर से एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठाने के लिए 1 जून तक आवेदन करना होगा, साथ ही एजेंट को मतगणना स्थल पर बैठने के लिए साढ़े सात बजे तक समय पर पहुंचना होगा।

रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि डाक मतपत्रों को कलेक्टोरेट परिसर



स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांगरूम से 4 जून को सुबह 6 बजे मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार के डाक मतपत्र गणना हॉल में ले जाया जायेगा। साथ ही प्रत्याशी स्वयं एवं उनके एजेंट चाहें तो इस समय आ कर पूरी प्रक्रिया देख सकते हैं। मतगणना एजेंट के लिए आवेदन 1 जून तक तक लिया जाएगा। रायपुर जिले के 7 विधानसभाओं के आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष 2 में और बलौदाबाजार, भाटापारा संबंधित एआरओ के पास जमा करेंगे।

### तम्बाकू-गुटका सिगरेट भी बैन

कलेक्टर ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, साइंटिफिक कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ-साथ सिगरेट, तम्बाकू, गुटका आदि के उपयोग की भी अनुमति नहीं होगी, इसलिए एजेंड पाउच या पैकेट भी साथ में न लेकर जाएं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गंदे पानी की समस्याः वार्ड 14 के रहवासियों ने जताई नाराज़गी

**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 के रहवासियों ने सोमवार को वार्ड पार्षद ओमनारायण वर्मा के नेतृत्व में पीने के पानी को लेकर नाराज़गी जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर शिकायत की। वार्ड वासियों का कहना था कि बीते कुछ दिनों से पालिका द्वारा जो पानी की सप्लाई की जा रही है वह पीने योग्य नही है। पानी गंदा होने के साथ-साथ उसमें क्लोरीन व अन्य तत्वों की मात्रा भी अधिक है जिससे पानी पीने एवं अन्य उपयोग में लेने योग्य नही है जिसकी वजह से लोगों को समस्या उत्पन्न हो रही है। इसी समस्या के निराकरण के लिए वार्डवासियों ने पालिका अधिकारी से मुलाकात किया जिनके द्वारा समस्या का जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### नशे की हालत में भतीजी पर किया हमला

**भिलाई।** नसे की हालत में अपनी भतीजी पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि शिवपारा दुर्ग निवासी वी संतोष अचारी (फूफा) नशे की हालत में पहुचा। इस दौरान टिकेश्वरी मानिकपुरी को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद गाली गलौज कर धारदार हथियार से दौड़ाने लगा। घटना में टिकेश्वरी को कमर, पैर में चोट आई। आरोपी डंडा और चाकू को जब्त किया।

### कंसल्टेंसी कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** प्रापर्टी कंसल्टेंसी में काम कर रही एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती कोहका निवासी काजल चंदेल 27 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से कोई भी सुसाइडल नोट नहीं मिला है। काजल के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। घटना बीती रात की है। शव को पुलिस ने मरचूरी में रख दिया और पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया। काजल तीन बहनों में सबसे बड़ी है। उसके पिता संतोष चंदेल पीएचई विभाग राजिम में एसडीओ के पद पर हैं। काजल चंदेल प्रापर्टी खरीदी -बिक्री करने वाली सूर्या कंसल्टेंसी में काम करती थी। पुलिस ने सूर्या कंस्लटेंसी के संचालक हरी नगर दुर्ग निवासी सूर्यकांत गिरी से भी काजल के आत्महत्या मामले में पूछताछ की है। काजल के इस घातक कदम के बारे में सूर्यकांत गिरी ने अनभिज्ञता जाहिर किया। अब पुलिस परिजनों से पूछताछ करेगी।

### हंसिया से वार, पत्नी गंभीर

**भिलाई।** सिलेंडर भरने को लेकर हुए विवाद में नशे की हालत में पत्नी पर हंसिया से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना जेवरा सिरसा की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि राकेश यादव और उसकी पत्नी रुकमणी यादव मजदूरी का काम करते हैं। उनके दो बेटी और एक बेटा है। तीन दिन पहले घर में सिलेंडर खत्म होने के कारण पत्नी रुकमणी ने पति राकेश को गैस सिलेंडर भराने के लिए कहा था। राकेश लगातार घुमा रहा था। रुकमण यादव ने जेवरा सिरसा पुलिस को बताया कि रसोई सिलेंडर काफी दिनों से खाली होने से खाना पकाने में परेशानी हो रही थी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब राकेश ने सिलेंडर नहीं भरवाया तो पत्नी रुकमणी नाराज थी। रविवार की शाम राकेश नशे की हालात में घर पहुंचने पर पत्नी ने सिलेंडर को लेकर टोक दिया। इसी बात को लेकर पति पत्नी में जमकर विवाद हो गया। इतने में राकेश आक्रोशित होकर बहस के बाद घर में पड़े हंसिया से पत्नी के गले में हमला कर दिया। चोट लगने से पत्नी जमीन पर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने बच्चों के चिल्लाने पर मदद की और घायल पत्नी को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**आयोजन**

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए करें प्रभावी उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मानसून के आगमन को देखते हुए जिले के सभी सहकारी समितियों में समुचित मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि जिले के किसानों को मौजूदा खरीफ सीजन में खाद बीज का प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

■ कहा- सहकारी समितियों में समुचित मात्रा में खाद बीज की उपलब्ध कराएं

कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में कृषि, सहकारिता एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को वर्तमान में पड़ रहे भीषण गर्मी तथा वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए इस दौरान होने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

इसके लिए उन्होंने जिला अस्पताल बालोद के अलावा जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के पास समुचित मात्रा में दवाइयां आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा।

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में प्रशासनिक कार्यों की कसावट एवं निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी विभाग प्रमुखों को प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित कर अनिवार्य रूप से इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य

बैठक में चन्द्रवाल ने जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को आगामी समय–सीमा की बैठक तक सभी शासकीय कार्यालयों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय–सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इन सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### बाइक सवार अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट अनिवार्य

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने बालोद जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा मोटर साइकिल के माध्यम से आवागमन करने वाले सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने के निर्देश दिए। जिससे कि आम नागरिकों को हेलमेट के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों तथा खासकर किशोर युवा–युवतियों को हेलमेट के उपयोग के लिए अनिवार्य रूप से समझाईश देने को भी कहा।

### आदिवासी विभाग के लक्ष्यों व उपलब्धियों की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर द्वारा आदिवासी विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के द्वारा जिले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक वर्गों के कल्याण के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने इन वर्गों के विद्यार्थियों के लिए जिले में संचालित छात्रावास एवं आश्रमों के अलावा प्री मेट्रिक एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवासों की कुल संख्या तथा कुल स्वीकृत सीट के अलावा इन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा क्रीडा परिसर के गतिविधियों एवं इन संस्थाओं में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में उन्होंने जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन तथा अंतरजातिय विवाह प्रोत्साहन के अलावा अनुसूचित जाति प्राधिकरण एवं मध्य क्षेत्र प्राधिकरण के कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी।



## मोहंदीपाट में शिव मंदिर का निर्माण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम मोहंदीपाट में माँ शीतला तालाब में सत्यम नवयुवक मंडल व जस झांकी परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भगवान भोलेनाथ परिवार के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर निर्माण में संयोजक मुकेश साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहंदीपाट, डेहर लाल देवांगन अध्यक्ष सत्यम नवयुक मंडल, लीलाधर साहू सचिव, गारेश्वर साहू, हेमलाल विश्वकर्मा, हरदयाल देवांगन, संजय साहू सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। निर्माण समिति के लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए सहयोग की अपील लोगों से की है।

## समर कैंप में निखर रही बच्चों की प्रतिभा

### पीएम श्री विद्यालय संबलपुर में लगा संकुलस्तरीय समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में मंगलवार को संकुल स्तरीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के नोडल दौलत राम भंडारी संकुल प्राचार्य, ग्राम के गणमान्य नागरिकों में सरपंच उमा बाई ठाकुर, तोमन सिंह लाटिया, वीरेंद्र निरोटी, रामायण पटेल उपस्थित थे।संकुल स्तरीय समर कैंप का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। उसके बाद पीएम श्री सम्बलपुर के बच्चों ने माँ शारदे की संगीतमय वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी शाला से बच्चों ने भाग लिया। इसके साथ ही चित्रकला ,रंगोली, मेहंदी, योग, प्रहसन आदि गतिविधियों पर संकुल के पहली से 12 वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। समर कैंप पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक अनिल दिल्लीवार ने बताया कि 20 मई से पी एम श्री सम्बलपुर के साथ संकुल के अन्य शालाओं में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान बच्चों में सृजनात्मक विकास, अभिव्यक्ति कौशल एवं छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जा रहा है।समर कैंप में कला एवं रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैंप में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक टोमन मालेकर ने किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने जेल का किया निरीक्षण



**बालोद।** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद अध्यक्ष डॉ प्रज्ञा पचौरी ने जिला जेल बालोद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बंदियों को रखे जाने वाले बैरकों की जांच की गई। इसके साथ ही बंदियों के लिये नहाने का पानी, शौचालय की सुविधा, रसोई, खाद्य पदार्थ रखे जाने वाले कमरे का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों से चर्चा कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, स्वच्छ पेय जल, रहने एवं सोने की पर्याप्त व्यवस्था एवं मनोरंजन की सुविधा एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाओं आदि के संबंध में भी जानकारी ली गयी। जिला जेल में महिला बंदी बैरक बना हुआ है किंतु उसमें अभिरक्षाधीन कोई बंदी नहीं है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद श्वेता उपाध्याय गौर एवं जेल अधीक्षक भी उपस्थित थे।

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर चुप्पी तोड़ो अभियान की हुई शुरुआत

## माहवारी के दौरान अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष से मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में 'चुप्पी तोड़ो अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महिलाओं को माहवारी के दौरान अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने को कहा।

उन्होंने कहा कि यह महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य से संबंधित बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इस मुद्दे पर ग्रामीण क्षेत्रों पर खुलकर बात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सानू नायक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों ने महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता के लिए ध्यान में रखने वाले बातों तथा बरते जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया जाता है। इस तारतम्य में बालोद जिला पंचायत द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने राज्यपाल से की मांग

## राज्य के स्कूलों में अनिवार्य हो छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में मुलाक़ात की। संगठन के महामंत्री विनय बघेल ने बताया कि राज्यपाल को ग्यारह सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राज्य के स्कूलों में अनिवार्य रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई, सरकारी कामकाज की भाषा छत्तीसगढ़ी, नयी शिक्षा नीति के तहत विवि और उनसे संबंध महाविद्यालयों में स्नातक और मास्टर डिग्री स्तर में छत्तीसगढ़ी अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाना, रोजगार में छत्तीसगढ़ी, त्रिभाषा फार्मूला में तहत प्रदेश की राजभाषा छत्तीसगढ़ी में पढ़ाई, सभी सरकारी कार्यालय में छत्तीसगढ़ी अनुवादक के रूप में एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों की भर्ती, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का पूरे जिला में विस्तार कर राजभाषा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के साथ-साथ विधानसभा में 16 फ़रवरी को शिक्षा मंत्री द्वारा घोषणा एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों को रोजगार इस पद को शीघ्र निकालने जैसी मांगें शामिल हैं। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन की इन मांगों पर राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि माँ, मातृभाषा, मातृभूमि का कोई विकल्प नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ी अगर प्रदेश में नहीं पढ़ाई जा रही, तो यह बहुत बड़ी विडंबना है। छत्तीसगढ़ राज्य छत्तीसगढ़ी भाषा के कारण बनाया गया। इस भाषा को अवश्य सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर संगठन द्वारा राज्यपाल को छत्तीसगढ़ी गमछा और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़ी कलाकृति देकर सम्मान भी किया गया। भेंट मुलाक़ात के दौरान संगठन के ऋतुराज साहू, संजीव साहू, जिनेन्द्र यादव, अजय पटेल, पूजा परगहनिया, किरन देवांगन, खेमराज, अंकित, अदिति गुप्ता उपस्थित थे।

■ राजभवन में राज्यपाल से भेंट कर सौंपा 11 सूत्रीय मांग पत्र

### टुल्लू पंप से खींच रहे पानी, मदर टेरेसा नगर में बढ़ी पेयजल की समस्या, एक्शन में निगम

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर जोन 3 कार्यालय क्षेत्र में जल प्रदाय के दौरान टूल्लू पम्प के माध्यम से पानी खीचने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मौके पर 12 टूल्लू पम्प को निगम ने किया जप्त। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग ऐसे है, पानी सप्लिाई के दौरान मोटर टूल्लू पम्प लगाकर पानी खींच ले रहे है जिससे दुसरे बस्तीयो में पानी का सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## छत्तीसगढ़ महार महरा समाज के जिलाध्यक्ष बने दिलीप




**डौंडीलोहारा।** बीते दिन हुए छत्तीसगढ़ महार महरा समाज चुनाव में जिला संगठन पर मतदान किया गया। जिलाध्यक्ष के पद पर वनांचल के ग्राम नंगूटोला निवासी दिलीप बघेल का चयन किया गया। उपाध्यक्ष उदय डोंगरे, सचिव थानेश्वर कौशल, कोषाध्यक्ष ललित रावत, सहसचिव महेश सहारे चुने गए। चुनाव के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने शपथ ली।

चुनाव के बाद दीपक आरदे ने महार महरा समाज खम्हारटोला परिक्षेत्र के तत्वावधान ग्राम खलारी में 26 मई में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने तथा उसे सफल बनाने वाले सभी पदाधिकारियों तथा समाज के लोगों का आभार जताया। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411